# प्रेस विज्ञप्ति

## वाइब्रेंट गुजरात (Vibrant Gujarat), गांधीनगर में उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि मंडल ने IACC के प्रतिनिधियों से वार्ता की।

## इलेक्ट्रिक वाहनों के जरिए ग्रीन इकॉनमी में परिवर्तन : श्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई, निवेश प्रोत्साहन मंत्री

## वाइब्रेंट गुजरात में एक सस्टेनेबल भविष्य के लिए यूपी द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन सेक्टर में निवेश आकर्षण

## उत्तर प्रदेश संधारणीय (sustainable) निवेशों का उभरता हुआ दीप स्तंभ : "ग्रीन इकॉनमी में परिवर्तन एवं इलेक्ट्रिक वाहन" पर इंडो अमेरिकन कॉमर्स चैंबर का राष्ट्रीय सम्मेलन

लखनऊ, 11 जनवरी 2024: इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स (IACC) ने पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन तथा इलेक्ट्रिक वाहनों की सहायता से ग्रीन इकॉनमी में परिवर्तन पर एक शानदार नेशनल सेमिनार का आयोजन किया। इसमें उत्तर प्रदेश को संधारणीय निवेशों के उभरते हुए केंद्र के तौर पर प्रदर्शित किया गया। गुजरात के गांधीनगर में हुए विशाल आयोजन में प्रतिष्ठित वक्ताओं, इंडस्ट्री विशेषज्ञों, सरकारी अधिकारियों तथा उद्यमियों ने पर्यावरण सस्टेनेबिलिटी जैसे अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

**उत्तर प्रदेश के माननीय मंत्री, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई, निवेश प्रोत्साहन - श्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी'** जी इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने भरोसा जताया कि प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश को निवेशकों का स्वर्ग बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। माननीय मंत्री ने कहा, "किसी भी राज्य का आर्थिक विकास उसके औद्योगिक विकास पर निर्भर करता है। हम उत्तर प्रदेश को निवेशकों के केंद्र के तौर पर देख रहे हैं, जहां दीर्घकालिक एवं सतत प्रगति सुनिश्चित हो सके। हम औद्योगिक विकास और पर्यावरण के बीच तालमेल बैठाकर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन पर आयोजित सेमिनार हमारे इसी समर्पण का उदाहरण है।"

**इस अवसर पर इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) - श्री अभिषेक प्रकाश** ने अपने संबोधन में कहा, “देश में सर्वाधिक इलेक्ट्रिक वाहन हमारे उत्तर प्रदेश में रजिस्टर्ड हैं। ऑन रोड इलेक्ट्रिक वाहनों की बात करें तो उत्तर प्रदेश भारत में सबसे अग्रणी है। हमारी सरकार ने इस सेक्टर को बढ़ाने के लिए अनेक प्रभावी कदम उठाए हैं। प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन के लिए इलेक्ट्रिक बस के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही इस सेक्टर के विकास के लिए अलग नीति भी घोषित की गई है।”

**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार - श्री मनोज सिंह जी** ने सरकार की पर्यावरण संरक्षण नीतियों पर अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा, “पर्यावरण के अनुकूल कार्यों के जरिए हमारी प्रदेश सरकार औद्योगिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच सामंजस्य बनाने के लिए कटिबद्ध है।”

**सेमीनार में IACC अध्यक्ष श्री पंकज बोहरा** जी तथा IACC की पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय समिति के अध्यक्ष और ICC इण्डिया कार्यकारी समिति के सदस्य **श्री कपिल कौल जी** ने पर्यावरण संरक्षण की अहमियत पर अपने विचार व्यक्त किए।